तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 हर साप्ताहिक बाजार से हटेगा 20 किलो प्लास्टिक कचरा





## खबर संक्षेप

### प्रकरणों के निराकरण के लिए कार्यशाला आज

**बैकुण्ठपुर**। जिले में शासन की वित्तीय एवं लेखा प्रक्रियाओं को अधिक सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में 31 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में विशेष कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिला कोषालय अधिकारी पीएस परिहार ने बताया कि यह कार्यशाला जीएसटी, टीडीएस की नियमानुसार कटौती, लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निपटारे तथा ईडब्ल्यूआर, ईआरएम से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित की जा रही है। कार्यालय राज्य कर सहायक आयुक्त (जीएसटी), कोरिया वृत्त मनेन्द्रगढ़ द्वारा पत्र जारी कर सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को जीएसटी, टीडीएस की व्यवस्था और रिटर्न फाइलिंग के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिला कोषालय अधिकारी ने जानकारी दी है कि इस कार्यशाला में आभार आपकी सेवाओं का ऑनलाइन पेंशन प्रबंधन प्रणाली में मई 2018 से जुलाई 2025 तक लंबित सेवानिवृत्ति एवं मृत्युजन्य प्रकरणों की शीघ्रता से प्रक्रिया पूर्ण करते हुए, संभागीय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन कार्यालय को प्रेषित किए जाने के निर्देश के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

### संयुक्त कलेक्टर कार्यालय स्थान चयन पर उठे सवाल

**मनेन्द्रगढ़**। सरगुजा विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष एवं



भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने संयुक्त कलेक्टर कार्यालय के निर्माण के लिए चयनित स्थल पर गंभीर आपत्ति जताते हुए राज्य शासन को वैकल्पिक स्थल पर निर्माण करने की अनुशंसा की है। उन्होंने राजस्व विभाग के सचिव को पत्र लिखते हुए कहा कि वर्तमान में जिस स्थल पर कार्यालय निर्माण की योजना है, वह कई दृष्टिकोणों से अनुपयुक्त है। श्री कमरो ने बताया कि चिन्हांकित स्थल के समीप ही 132 केवी का विद्युत सब-स्टेशन है, जहां पूर्व में आग लगने की दुर्घटना हो चुकी है। वहीं सामने उप-जेल तथा आगे की ओर हसदेव नदी की संकरी पुलिया भी इस क्षेत्र को असुरक्षित एवं अव्यवस्थित बनाती है।

### क्रिकेट खिलाड़ियों की पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ

**मनेन्द्रगढ़**। छग क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ कोरिया के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों का पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) प्रारंभ कर दिया गया है। यह पंजीयन 25 जुलाई से 2 अगस्त तक रैना स्पोर्ट्स एवं स्पोर्ट्स पॉइंट, मनेन्द्रगढ़ में किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6:30 बजे तक संचालित की जाएगी। इच्छुक खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की जाती है। नवीन पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज में पिछले 6 वर्षों की मार्कशीट (मूल प्रति),पासपोर्ट साइज फोटो,आधार कार्ड (मूल प्रति),जन्म प्रमाण पत्र (मूल प्रति),रजिस्ट्रेशन शुल्क 500 रूपए जमा करना होगा। पुनः पंजीयन (रिनुअल) के लिए आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, शुल्क 300 रूपए जमा करना होगा।

### 65 हजार की मिली आर्थिक सहायता

**अनूपपुर**। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत किरगी निवासी श्रीमती अंकिता पटेल पति संदीप पटेल को उपचार के लिए मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 65 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

**खेतों में बिछी हरियाली की चादर** — रोपाई कार्य को अंतिम रूप देने में लगे हैं अन्नदाता

# कोरिया में 80 प्रतिशत रोपाई, खेतों में हरियाली की बहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले में इस समय धान की रोपाई अपने चरम पर है। गांवों की गलियों में अब सामान्य चहल-पहल की जगह खेतों में किसानों की मेहनत और हलचलों की गूंज सुनाई दे रही है। सुबह से शाम तक अन्नदाता अपनी धान की फसल को सींचने में जुटे हैं।

बैकुंठपुर, सोनहत विकासखंड के गांवों के खेतों में हरियाली की चादर बिछ गई है, जो मेहनत और उम्मीद का जीवंत प्रतीक बन गई है। धान की लहलहाती फसलों के साथ किसानों के चेहरों पर भी संतोष की मुस्कान नजर आ रही है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में इस वर्ष लगभग 32 हजार हेक्टेयर में धान, 7,500 हेक्टेयर में दलहन और 1,500 हेक्टेयर में तिलहन की फसलें लगाई गई हैं। हालांकि आषाढ़ माह में बारिश की थोड़ी कमी के कारण रोपाई में प्रारंभिक देरी हुई, फिर भी अब तक 80 प्रतिशत रोपाई कार्य



पूर्ण हो चुके हैं, इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले महीनों में फसल उत्पादन सामान्य से बेहतर रहेगा। खाद आपूर्ति की स्थिति पर नजर डालें तो 9860 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 8545 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। कृषि ऋण के रूप में 14,986 किसानों को लगभग 39 करोड़ रूपए की राशि वितरित की गई है।

### अब किसान पहचानेंगे फार्मर आईडी से-

तकनीकी युग में कदम रखते हुए कृषि क्षेत्र में भी डिजिटल क्रांति लाई गई है। एग्रीस्टेक परियोजना के तहत किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने के लिए फार्मर आईडी (किसान कार्ड) बनाए जा रहे हैं। अब किसानों को अपनी पहचान बताने के लिए किसी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस पहल के अंतर्गत किसानों की कृषि भूमि को आधार से लिंक किया जाएगा, जिससे उन्हें कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं का पारदर्शी लाभ मिल सकेगा।

### तो छूट सकते हैं योजनाओं से-

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी संबंधित विभागों राजस्व, कृषि, सहकारिता, सहकारी समितियों एवं लोक सेवा केन्द्रों को निर्देशित किया है कि एग्रीस्टेक के तहत शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित कराएं। किसान एग्रीस्टेक पोर्टल पर स्वयं या निकटतम लोक सेवा केन्द्र में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए कृषि भूमि का बी-1 दस्तावेज, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर (जिस पर ओटीपी प्राप्त हो सके)।

संरक्षण की जरुरत, खराब हालत को लेकर लोग जता रहे चिंता

# शहर में तालाबों का अस्तित्व खतरे में

बदहाल तालाब...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

तालाबों के अस्तित्व को बचाने के लिए सरकारी योजनाएं तो बनी हुई है, लेकिन योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल में कम ही दिखाई देती है।

नई तालाब बनाने में ध्यान तो दिया जाता है, लेकिन पुराने तालाबों का संरक्षण करने की दिशा में ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। यही कारण है कि जिले के कई जगहों पर तालाबों की स्थिति दयनीय हो गई है। संरक्षण की योजना बनी होने के बावजूद पुराने तालाबों का संरक्षण नहीं हो पा रहा है, इसे लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। जिले के दुरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों की बात छोड़ दी जाए तो कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही मीटर की दूरी पर खरवत चौक के पास स्थित एक पुराने तालाब की स्थिति को देखकर समझा जा सकता है कि तालाबों के संरक्षण को लेकर बनी योजना सिर्फ कागजों तक ही सिमट गया है। खरवत चौक के पास स्थित प्राचीन तालाब में इन दिनों पानी भरा दिखाई नहीं देगा, बल्कि तालाब इस तरह से दिखाई देगा जैसे तालाब में हरी चादर बिछा दी गई हो। दरअसल खरवत चौक के निकट स्थित तालाब के पूरे भाग में जलीय पौधे पूरी तरह से फैल गया है, इसके चलते तालाब में जल भराव दिखाई नहीं देता, बल्कि जलीय पौधे से ढंका हुआ दिखाई देता है। इसी तालाब में एक वर्ष पूर्व मनरेगा के तहत गहरीकरण किया गया था, इसके बाद फिर तालाब में जलीय पौधे पनपते गए और इस वर्ष पूरे तालाब को जलीय पौधे ढंक दिया है।

इस तरह की हालत सिर्फ खरवत चौक के पास स्थित तालाब की नहीं बल्कि जिले के कई जगहों पर स्थित प्राचीन तालाब की स्थिति है।

### मछली सहित जलीय जीव को खतरा

खरवत चौक के पास स्थित तालाब पूरी तरह से जलीय पौधे से ढंका हुआ है। अभी बरसात में जमकर बारिश के बावजूद उक्त तालाब में पानी नहीं दिखाई देता, क्योंकि पूरे तालाब में जलीय पौधा अपना घेरा बना दिया है, इसके चलते सूर्य का प्रकाश भी तालाब के पानी के भीतर नहीं पहुंचा पाता, इसके चलते प्रकाश संश्लेषण की कमी ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, इससे तालाब में पल रही मछली सहित अन्य जीव-जंतुओं के जीवन के लिए संकट की स्थिति बन जाती है।

### सुंदरता भी हो रही प्रभावित

खरवत चौक के पास स्थित प्राचीन तालाब में इन दिनों जलीय पौधा ढंका दिखाई दे रहा है। यह तालाब के प्राकृतिक सुंदरता को तो प्रभावित कर ही रहा है, वहीं तालाब के पारिस्थितिक तंत्र को भी प्रभावित कर रहा है। ऐसे में उक्त स्थान के तालाब में पूरी तरह फैले जलीय पौधों को साफ करने की जरूरत है, ताकि तालाब की प्राकृतिक सुंदरता बनी रहे और तालाब का पारिस्थितिक तंत्र भी सुरक्षित रहे।

# शिक्षक के घर हुई चोरी का अब तक खुलासा नहीं

**बैकुण्ठपुर**। सिटी कोतवाली क्षेत्र में शहर क्षेत्र से लगे ग्राम तलवापारा में शिक्षक के घर हुई लाखों की चोरी का सुराग डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई। इसी तरह कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में आधा दर्जन अधिकारियों के सूने आवास में हुई चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों तक भी पुलिस अब तक नहीं पहुंच पाई।

■ सूने मकान में लाखों रुपए की हुई थी चोरी

घटना के दौरान पुलिस दावा कर रही थी कि जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद अब तक पुलिस के हाथ खाली है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के रामानुज आदर्श विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता यादवेन्द्र मिश्र (बंटी महाराज) के निवास तलवापारा लोक परलोक ढाबा के पीछे बीते 11 जून को जब पूरा परिवार ग्राम गोरसी थाना जैतहरी जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश गया हुआ था और उसी दिन रात्रि में आया तो परिवार के सदस्यों ने देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और घर के अंदर प्रवेश किए तो शयन कक्ष का भी ताला टुटा हुआ था। अज्ञात चोरो के द्वारा करीब 5 लाख के सोने-चांदी के आभूषण के साथ 85 हजार रूपए नगद चोरी कर ले भागने में सफल रहे। दूसरे दिन घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई। घटना के डेढ़ माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो पाई। तमाम सुविधाओं के बावजूद पुलिस इस बडे मामले का खुलासा नहीं कर पाया है। इस पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाली खडे हो रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है।

### सूने मकान के चोरी का भी खुलासा नहीं

छिन्दडॉड क्षेत्र में स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बीते दिनों एक ही रात में आधा दर्जन अधिकारियों के सूने मकान में अज्ञात आरोपियों के द्वारा एक एक कर कई घरों का ताला तोड़कर चोरी कर भागने में सफल रहे। एक ही रात में बड़ी चोरी की घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज होने के एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है।

# अपनी मांगों को लेकर रसोइया संघ ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ के बैनर तले जिले के विभिन्न विद्यालयों के रसोईयों द्वारा बुधवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन अपनी मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय में देकर ज्ञापन सौंपा।

मिली जानकारी के अनुसार रसोईया संघ के आह्वान पर जिले के विद्यालयों में कार्यरत रसोईयों 30 जुलाई को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में एकत्र होकर अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किए, इसके बाद अपरान्ह में धरना स्थल से रैली निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्ग होते कलेक्टर कार्यालय जाने के लिए निकली, लेकिन ओड़गी नाका



वाहनों की लंबी कतार।

पर ही उन्हें बेरिकेट्स लगाकर रोक दिया गया। वहीं पर रसोईया संघ के पदाधिकारियों के द्वारा एसडीएम को मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया। रसोईयों के धरना प्रदर्शन के कारण विभिन्न विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन पकाने का कार्य प्रभावित हुआ।

### सड़क पर लगा जाम

रसोईया संघ के बैनर तले रसोईयों के द्वारा धरना प्रदर्शन करने के पश्चात जब रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने कलेक्टर कार्यालय जाने के लिए निकले तो ओड़गी नाका पर उन्हें रोक दिया गया, जहां पर ज्ञापन सौंपने के दौरान बेरीकेट्स के दोनों ओर वाहनों की कतार लगने लगी, इसके थोड़ी देरी बाद आवागमन बहाल हो सका।

### जिले में अब तक 650.2 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़**। जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 2.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 826.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 29 जुलाई तक जिले में कुल औसत 650.2 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 694.5 मिमी, खड़गवां में 550.7 मिमी, चिरमिरी में 614.2 मिमी, केल्हारी में 526.6 मिमी, भरतपुर में 688.9 मिमी और कोटाडोल में 826.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# खुले बाक्स की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**बैकुंठपुर**। विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही के कारण बुधवार को शहर क्षेत्र में एक गौवंश की मौत करंट लगने से हो गई। इस घटना के बाद विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही के कारण कोई इंसान भी इसकी चपेट में आ सकता था।

■ विद्युत विभाग की लापरवाही से लोगों में आक्रोश

मिली जानकारी के अनुसार शहर के महलपारा मुख्य मार्ग किनारे विद्युत विभाग द्वारा मीटर का डब्बा लगाया गया है, जिसका ढक्कन खुला है और बिजली के तार बाहर झुल रहे हैं। इसी स्थल पर बुधवार को एक गौवंश ▶▶ शेष पेज 4 पर



### कई जगहों पर खुले हैं मौत के ढक्कन

शहर के कई जगहों पर विद्युत के फ्यूज बॉक्स लगे हुए हैं, इनमें से कई के ढक्कन खुले हुए हैं। कम ऊंचाई पर लगे बिजली के फ्यूज बॉक्स बच्चों एवं जानवरों के लिए संभावित खतरा बने हुए हैं, जहां बॉक्स में ढक्कन भी लगा है ,लेकिन उसे खोल दिया गया है। विद्युत विभाग को चाहिए कि जिन जगहों पर कम ऊंचाई पर फ्यूज बॉक्स लगे हुए हैं, उनमें ढक्कन लगाई जाए और जिनमं ढक्कन लगे हुए हैं, उसे ढंक कर ही रखा जाए, जिससे कि किसी संभावित खतरा की आशंका न बनी रहे।

कलेक्टर ने दिए गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश

# छिंदिया को मिले 1.31 करोड़ रुपए के विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले के पटना तहसील के ग्राम छिंदिया में बुधवार को एक दिवसीय सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 8 मई 2025 के आकस्मिक दौरे के दौरान की गई घोषणाओं पर अमल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े और

■ मुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल




सुशासन तिहार शिविर में उपस्थित विधायक, कलेक्टर व अन्य।



पौधरोपण करते विधायक भईयालाल राजवाड़े।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के समन्वित प्रयासों से ग्राम छिंदिया में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन, 980 मीटर सीसी सड़क, आरसीसी पुलिया और सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए जिला खनिज न्यास से 1 करोड़ 31 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक श्री राजवाड़े ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि स्वीकृत सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की जरूरत और मांगों को तवज्जो देना ही असली सुशासन है। इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का त्वरित निराकरण किया गया है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

# छात्रावास में सात साल के बच्चे पर घातक हमला

**मनेन्द्रगढ़**। शासकीय आदिवासी बालक आश्रम खोंगापानी में रह रहे एक मासूम छात्र के साथ हुई बर्बर पिटाई की घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। बालक के पिता अमित प्रजापति ने जिला प्रशासन और पुलिस को सौंपी शिकायत में इस घटना के पीछे छात्रावास की भारी लापरवाही और अधीक्षक अशोक रौतिया की भूमिका को जिम्मेदार ठहराया है।

■ पिता ने की कड़ी जांच की मांग

पिता अमित प्रजापति के अनुसार 27 जुलाई को अनुज ने घर आकर बताया कि छात्रावास के ही तीन बड़े छात्र ने एक कमरे में बंद कर उसके साथ जानवरों जैसी मारपीट की। डंडे से बेरहमी से पीटा गया, सिर जमीन में पटका गया, गुप्तांग के पास पिन चुभोई गई। यह सब उस समय हुआ जब छात्रावास अधीक्षक और कर्मचारी आंखें मंदे बैठे थे। शिकायत के अनुसार अधीक्षक की घोर लापरवाही से यह कृत्य संभव हुआ। आरोप है कि बच्चों का सिर्फ इस्तेमाल हुआ। संभावना जताई जा रही है कि इसके पीछे अधीक्षक और अन्य स्टाफ की शह भी हो सकती है। पिता ने संदेह जताया कि छात्रावास का फर्राश भी उस दिन की घटना में शामिल हो सकता है। घटना के बाद पिता अपने बेटे को लेकर खोंगापानी पुलिस चौकी पहुंचे, जहां से एमएलसी के लिए मनेन्द्रगढ़ अस्पताल भेजा गया। देर शाम लौटने के बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर परिवार असंतुष्ट है।

## खबर संक्षेप



### जवाहर नवोदय विद्यालय के 15 छात्र छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा में

**अम्बिकापुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा के 15 छात्र-छात्राएं विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय स्तर की टीम में चयनित हुए हैं। चयनित विद्यार्थियों में चंद्रशेखर प्रधान एथलेटिक्स राधिका बर्मन, कबड्डी में आध्या गुप्ता एवं निगार फातिमा बैडमिंटन, मैक्स खलखो, विभूति लकड़ा एवं भावना सिंह मुक्केबाजी , रविशंकर, प्रेक्षा खरे, असीम एक्का, अदिति सिंह, दिव्या लकड़ा एवं सृष्टि ठाकुर वॉलीबॉल, शौर्यम सोनी क्रिकेट एवं संस्कार गुप्ता चेस राष्ट्रीय टीम में शामिल किये गए है। प्राचार्य डॉ.एसके सिन्हा ने चयनित विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा जीत का आशीर्वचन दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे विद्यालय की शिक्षा और सह-शैक्षणिक गतिविधियों की उच्च गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने खेलकूद शिक्षक अजय पाण्डेय एवं शिक्षिका सुश्री नीलकमल के योगदान की सराहना की। शिक्षकों ने चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### राज्य स्थापना के रजत जयंती अवसर पर अजबनगर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला



**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वे वर्षगांठ रजत जयंती अवसर पर विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर अजबनगर के साप्ताहिक बाजार प्रांगण में लगाया गया, शिविर में अजबनगर प्राथमिक पाठशाला, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य के हिसाब से उनको आवश्यकता अनुसार दवाई भी वितरण की गई। शिविर में अजबनगर, रविंद्रनगर, मदनपुर, संजयनगर के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, साथ ही गर्भवती महिलाओं का विशेष परीक्षण कर उनको समय-समय पर टीका लगवाने की बात कही गई।कार्यक्रम में शिविर प्रभारी डॉ रणविजय सिंह, आयुष अधिकारी डॉ योगेश पांडेय, डॉ संतोष सिंह, डॉ परमेश्वर पटेल, डॉ उमेश लवली, शिवलाल कुमार, अजय समद्दार, प्रेमलाल बघेल, सुनील, अजबनगर सरपंच नैनसाय, पूर्व सरपंच अर्जुन सिंह, भाजपा नेता कन्हाई लाल विश्वास, शुभेंदु चटर्जी उपस्थित थे।

### खुले सैप्टिक टैंक में गाय गिरकर मरी, बदबू से कॉलोनी वासी परेशान

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक आरटीआई कॉलोनी में खुले सैप्टिक टैंक में गिरकर एक गाय की मौत हो गई है।यहाँ पर कई घंटे



बीत जाने बाद भी गाय के शव को टैंक से बाहर नहीं निकाला जा सका है जिससे सड़ती लाश से फैलती बदबू ने आसपास के माहौल को पूरी तरह असहनीय बना दिया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है,यहां की खुली सैप्टिक टंकियां हादसों को न्योता दे रही हैं और एसईसीएल प्रबंधन ने उक्त सम्बन्ध में कोई सुधार कार्य नहीं किया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि एसईसीएल आवासीय कालोनियों में स्थित कई सैप्टिक टैंक वर्षों से बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं और इस पर कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है।स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों के लिए ये टैंक जानलेवा खतरा बने हुए हैं।कॉलोनीवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही इन टैंकों को ढंका नहीं गया,तो कोई बड़ी मानवीय दुर्घटना हो सकती है।लोगों का कहना है कि गाय की लाश से उठती दुर्गंध के कारण लोगों को खिड़की-दरवाजे बंद करके रहना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में सड़ती बदबू और गंदगी से क्षेत्र में गंभीर संक्रमण फैलने की आशंका भी बढ़ रही है।

### चौपाटी के पास खाली नजूल भूमि में हो पार्किंग की व्यवस्था, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कैलाश मिश्रा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चौपाटी के निकट चोपड़ापारा स्थित खाली शासकीय भूमि में पार्किंग बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि चौपाटी के पास चोपड़ापारा में खुली जमीन को ननि आयुक्त को मंगल भवन निर्माण के लिए आवंटित किया गया है। भूमि आवंटन के वर्षों बाद भी ननि द्वारा अभी तक मंगल भवन का निर्माण प्रारंभ नहीं किया गया है। चौपाटी के बाहर मुख्य मार्ग पर अवैध तरीके से लगभग 25 ठेले संचालित हो रहे हैं जिसके कारण सड़क पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है।

## नाग पंचमी पर हुआ दंगल

# प्रदीप को मिला सरगुजा केसरी का खिताब, दुर्गेश बने सरगुजा कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

नागपंचमी के अवसर पर शहर के मंदिरो में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित नाग मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव व शेष नाग की पूजा अर्चना कर उन्हें दूध, बेलपत्र चढ़ाया और अपने व परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं परम्परा के अनुसार नाग पंचमी पर अखाड़े का आयोजन किया गया। नाग पंचमी में आयोजित दंगल कुश्ती में पहलवानों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

बता दें कि नागपंचमी के अवसर पर सरगुजा कुश्ती संघ द्वारा स्थानीय मल्टी परपज हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में कुश्ती खेल का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की शुरुआत सर्वप्रथम बजरंगबली के पूजन आरती एवं पुष्पांजलि कर की गई। इस दंगल में सरगुजा सहित प्रदेश के 100 जोड़े पहलवान शामिल हुए। इस दंगल प्रतियोगिता को सीनियर और जूनियर वर्ग में विभाजित किया गया था। दंगल प्रतियोगिता के दौरान प्रदेश भर से आए पहलवानों के बीच कुश्ती का शानदार मुकाबला हुआ। पहलवानों के नए नए पैतरों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस दंगल में सरगुजा केसरी का खिताब विजेता प्रदीप पैकरा ने हासिल किया। विजेता असोला निवासी प्रदीप पैकरा को 21 हजार रुपए नगद व शील्ड प्रदान किया गया। इसी तरह उप विजेता का खिताब मोहम्मद अयान ने जीता। उप विजेता को 11 हजार रुपए नगद व शील्ड प्रदान किया गया। इसी तरह सरगुजा कुमार विजेता बिलासपुर के दुर्गेश बंशगार बने जबकि सरगुजा कुमार असोला निवासी उप विजेता लक्ष्मी प्रसाद, सरगुजा अभिमन्यु विजेता अर्जुन सारथी असोला व अभिमन्यु उप विजेता देवानंद उदारी लुण्ड्रा रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर ने आयोजन के लिए समिति को 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की इस दौरान कार्यक्रम में सरगुजा कुश्ती संघ के संरक्षक मेजर अनिल सिंह, गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, आईजी दीपक झा, कलेक्टर विलास भोस्कर, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, रामा पांडेय, ललन प्रताप सिंह, द्वितेंद्र मिश्रा, जितेन्द्र शर्मा, हरमिंदर सिंह(टिन्नी), अभिमन्यु गुप्ता, आलोक दुबे, मधुसुदन शुक्ला, कुश्ती संघ अध्यक्ष विकास पांडेय, दीपक सिंह तोमर, संजीव वर्मा, शशिकांत जायसवाल, रूपेश दुबे, शैलेन्द्र सिन्हा, प्रकाशमणि त्रिपाठी, रविशंकर जायसवाल, रविकांत उरांव, रवि विश्वकर्मा, सुनील यादव, विवेक सिंह, अमोघ कश्यप, राहुल पांडेय, हर्ष पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।



अतिथियों के साथ विजेता प्रतिभागी।

### मंदिरो में उमड़ी भक्तों की भीड़

नागपंचमी के अवसर पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्त सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे थे जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की। शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित नाग मंदिर में भी भक्तों ने भगवान शिव व शेष नाग की पूजा अर्चना कर उन्हें दूध, बेलपत्र चढ़ाया और अपने व परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की। नाग पंचमी और सावन सोमवार को लेकर स्थानीय हनुमान मंदिर स्कूल रोड और अस्पताल रोड स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर हनुमान मंदिर में नाग पंचमी का उत्सव मनाया गया। स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में श्री महावीर मंडल लोक न्यास समिति द्वारा भगवान हनुमान का पूजन एवं अखंड हरी कीर्तन 8 बजे सुबह से प्रारंभ किया गया। इसके बाद हनुमान जी की महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की कुश्ती स्थानीय हनुमान मंदिर प्रांगण में कराई गई।

#### शहर में निकली शोभा यात्रा

नागपंचमी के अवसर पर शाम को स्कूल रोड हनुमान मंदिर और अस्पताल मार्ग बाबा विश्वनाथ मंदिर हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा शहर में निकाली गई। इस दौरान झंडे को उठाने श्रद्धालु उमड़ पड़े थे। शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से होकर वापस हनुमान मंदिर पहुंची।



# मंत्री परिवार के साथ रामानुजगंज पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के सेवा कार्य में हुए सम्मिलित

बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति द्वारा श्रावण महीने में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावड़ यात्रियों के रूकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में की गई है जहां आज बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सपत्नीक अन्य परिवार के साथ पहुंचे। उन्होंने कांवरिया सेवा समिति के सेवा कार्यों की जमकर सराहना की।

इस दौरान नगर के मांगलिक भवन में बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में नगर वासियों द्वारा स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया गया। नगर के पुजारियो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शंख ध्वनि के साथ स्वास्थ्य मंत्री के हाथों विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की मांगलिक भवन में पूजा अर्चना कराई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सीमा पर कन्हर नदी के तट पर स्थित रामानुजगंज में कांवरिया सेवा समिति द्वारा सेवा, श्रद्धा, समर्पण भाव से श्रावण मास में बाबा वैद्यनाथ धाम की यात्रा में जा रहे कावड़ यात्रियों की सेवा की जा रही है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के दूर दराज गांव एवं शहर से 200 से 500 किलोमीटर दूरी तय करके कांवड़ यात्री रामानुजगंज तक पहुंचते है। यहां पर जिस प्रकार से एक साथ 300 से अधिक लोगों के लिए भोजन एवं रुकने की प्रतिदिन व्यवस्था की जा रही है इससे कावड़ यात्रियों को बहुत राहत मिल रही है एवं उनके लिए आगे का सफर भी आसान हो रहा है। बाबा बैजनाथ धाम कावर सेवा समिति के प्रमुख एव नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि नगर वासियों के सहयोग से सेवा कार्य की सम्पूर्ण व्यवस्था सुगमता पूर्वक संचालित हो रही है।

## कुश्ती के सीनियर वर्ग में अनुज तो जूनियर में शांतनु ने मारी बाजी

- अनोखी सोच द्वारा नाग पंचमी के अवसर पर कराया कुश्ती

**अम्बिकापुर।** नागपंचमी के अवसर पर शहर की अनोखी सोच सामाजिक संस्था ने अपने धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के उद्देश्यों के अंतर्गत स्थानीय बाबा विश्वनाथ एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा सम्पन्न कराया। जिसमें आसपास के क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की।

पूजा पश्चात संस्था द्वारा मणिपुर क्षेत्र में कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। कुश्ती में छोटी उम्र से लेकर बड़े पहलवानों ने अपने कुश्ती के जोहर का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने पहलवानों के पैतरों और कुश्ती देखने का आनंद लिया। संस्था द्वारा मंदिर प्रांगण में पूजा उपरांत भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। वहीं कुश्ती प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के विजेता अनुज खेस को 15 हजार और उपविजेता ऋषभ मिश्रा को 7 हजार 100 रूपए की राशि तथा जूनियर वर्ग के विजेता शांतनु साहू को 5100 रुपए और उपविजेता अगत मुंडा को 3100 रुपये की नकद राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। इसके उपरांत प्रतिवर्ष की भांति सायंकाल 6 बजे से बजरंगबली के यश प्रतिष्ठा एवं भक्ति के प्रतीक ध्वज के साथ झांकी और जुलूस के रूप में जागरण यात्रा भी संपन्न हुई। जिसमें नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, विनोद अग्रवाल, पार्षद मनोज कंसारी, सुरेश मलिक एवं अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी, दिनेश गर्ग, राकेश शुक्ला, राजकुमार साहू, मोती ताम्रकार, अरुण अग्रवाल, लरंग मुंडा, जवाहर साहू, सुनील साहू, बजरंग, भोला रक्सेल, बनाफर मुंडा, सावन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।





### छात्राओं ने देश के वीर सैनिकों के लिए बनाई राखियां

**अम्बिकापुर।** देश की सीमा पर चौबिसों घंटे तैनात रहने वाले वीर जवान भाईयों के लिए स्कूली छात्राओं ने राखी बनाई है। ये राखियां स्काउट गाईड के द्वारा आयोजित एक राखी देश के सैनिक के नाम प्रतियोगिता के तहत बनाई गई। शहर के बड़े नामचीन मोंटफोर्ट स्कूल में स्काउट गाईड द्वारा एक राखी देश के सैनिक के नाम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्काउट गाईड मास्टर कमल कांत सिन्हा एवं गाईड कैप्टन बरखा गोस्वामी के मार्गदर्शन में मिडिल स्कूल की छात्राओं ने देश के वीर सैनिकों के लिए राखी बनाने के इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने इस आयोजन में मनमोहक एवं खूबसूरत राखियां बनाई। स्कूल के प्राचार्य ब्रदर सेवक ग्रेब्रियल ने स्कूली छात्राओं को इस आयोजन में बेहतर एवं खूबसूरत राखियां बनाने पर प्रोत्साहित किया और छात्राओं के काम की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं द्वारा बनाई गई राखियों को देश की रक्षा में तैनात वीर सैनिकों के प्रति स्नेह और सम्मान बताया।

## लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ें बच्चे, आने वाला समय एआई का

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए लुंड्रा विधायक

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुंड्रा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज के मुख्य अतिथ्य में आयोजित किया गया। विधायक प्रबोध मिंज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ें। आने वाले समय में प्रतिष्पर्धा बढ़ती जाएगी।

अब एआई का युग आ रहा है। इसलिए छात्रों को लक्ष्य निर्धारण कर कड़ी मेहनत करनी होगी। कार्यक्रम में विधायक प्रबोध मिंज ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक कर मिठाई खिलाई और उनके उज्व्वल भविष्य की कामना की। विधायक प्रबोध मिंज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से दो दशक पूर्व सरगुजा जिले में न तो पढ़ाई के लिए पर्याप्त संसाधन थे और न ही सुविधाएं। इस कारण आपके पालक पढ़कर वह नहीं बन सके जो वे बनना चाहते थे। वे बच्चों को अपने सपने पूरा करते देखा चाहते हैं। विधायक ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए दसवीं एवं बारहवीं में ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को 25-25 हजार रुपये की राशि देकर पुरस्कृत किया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विधायक ने छात्रों को पाठ्य पुस्तकें, गणवेश और अन्य शैक्षणिक सामग्री निःशुल्क वितरित की। विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार वर्मा व छात्रों ने विधायक से प्रार्थना स्थल पर शेड का निर्माण, बालक-बालिका के लिए पृथक शौचालय निर्माण की मांग रखी। विधायक प्रबोध मिंज ने इसे त्वरित स्वीकृति प्रदान की और संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।



कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत स्कूल के प्राचार्य राकेश कुमार वर्मा तथा शिक्षक दयाशंकर सिंह, लक्ष्मण राम जगत, शिखा गुप्ता, सीमा तिग्गा, विनीता जायसवाल और विमला कुजूर द्वारा पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संजय कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि जयंत मिंज, अभिषेक पावले, जनपद सदस्य राजेश सोनी, लुंड्रा सरपंच सोमार साय, चिरगा सरपंच मानसाय, एसएमडीसी अध्यक्ष राकेश सिंह सहित बीईओ मनोज कुमार वर्मा, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पालकगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री ने किया हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, ग्रामीणों से ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने मैनपाट के हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। पूर्व मंत्री ने भारी बारिश के बीच हाथी प्रभावित दातीधाम, बैगहवा, भावपहाड़, चोरकीपानी, नर्मदापुर, कंडराजा बी, लहवा पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों से फोनपर बात कर समस्याओं के निराकरण हेतु पहल की।

बता दें कि मैनपाट क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का दल लगातार उत्पात मचा रहा है। बारिश के मौसम में रात के अंधेरे में हाथी बस्तियों में घुसकर मकानों में तोड़फोड़ कर रहे है। ऐसे में अमरजीत भगत ने दूरस्थ क्षेत्रों का दौरा कर हाथी की समस्या, आकाशीय बिजली, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों से बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों के टूटे हुए मकानों, फसल नुकसान का जायजा लिया व मृतकों के परिजन से मिलकर सांत्वना दिया। इस दौरान उन्होंने कई गांव में हाथियों से बचने के लिए सर्च लाईट अपने निजी व्यय से उपलब्ध कराया। वहीं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से चर्चा कर उनके निर्देशित किया कि पूर्व की भांति परिवारों को रात्रि विश्राम, भोजन, और अन्य आवश्यक सहायता तुरंत उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तंत्र को निष्क्रिय नहीं, संवेदनशील और तत्पर रहना चाहिए। प्राकृतिक आपदा और वन्यजीव द्वंद की मार झेल रहे गरीब ग्रामीणों को अकेला छोड़ना एक सामाजिक अपराध जैसा है, और हम सबकी सामूहिक ज़िम्मेदारी है कि उन्हें राहत मिले।



# बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी

**बिश्रामपुर।** परिवार के साथ चिरमिरी से अंबिकापुर जा रहे युवक की बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, दुर्घटना में वाहन सवार लोगों को चोटे आई हैं हालांकि इसमें कोई जनहानी नहीं हुई है। गौरतलब है कि मंगलवार की दोपहर चिरमिरी से



बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 19 सीए 4428 में चालक समीर सिंह पिता साकेत सिंह अपने दादा भूरा सिंह,दादी सीता देवी, मां बिंदु सिंह व पत्नी श्रद्धा के साथ अंबिकापुर जा रहा था,तभी एनएच 43 पर ग्राम जयनगर स्थित बरपारा समीप अचानक चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर पलट गई,प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना में वाहन सवार लोगों को मामूली चोटें आई है,यदि वाहन तेज गति जाने दौरान किसी जगह टकरा जाती तो गंभीर हादसा हो सकता था।कुछ देर बाद दूसरे वाहनों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो वाहन को वापस सीधा कर लिया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जयनगर थाना से सहायक उपनिरीक्षक केश्वर मरावी,प्रधान आरक्षक दीपक दुबे,आरक्षक रवि पांडेय तत्काल मौके पर पहुंच डायल 112 के कर्मचारियों के साथ मिलकर घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।दुर्घटना उपरांत मौके पर कुछ समय के लिए आवागमन व्यवस्था भी बाधित हो गई थी।

### खड़े ट्रक के पीछे बाइक टकराई, युवक की हुई मौत

कांवड़ यात्रा में शामिल होने आए एक युवक की ट्रक से दुर्घटनाग्रत होने पर मौत हो गई है।जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पहाड़गांव गंझाडांड निवासी 24 वर्षीय बल्लू सिंह पिता अजीत सिंह सोमवार को कांवड़ यात्रा में शामिल होने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 9672 में आया था,इस दौरान रात करीब साढ़े ग्यारह बजे घर वापस लौटने पर गांव में ही स्थित एफसीआई गोदाम समीप एकांकी मार्ग पर बेतरतीब खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 2085 में पीछे से बाइक टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है।दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई है,मामले की सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम



कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने बताया कि दो बेटी के पिता बल्लू सिंह की मौत होने से पहले ही कलेक्टर सुरजपुर को ज्ञापन सौंपा गया था कि यहां पर सिंगल रोड होने के वजह से ट्रक चालकों द्वारा बीच रोड में गाड़ी खड़ा कर दी जाती है और उससे टकराकर लोगों की जान जा रही है।बावजूद इसके कोई ठोस पहल नहीं उठाए जाने से उक्त घटना घटित हो गई है।

## महाविद्यालय में हुई जनभागीदारी समिति की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शासकीय कालिदास महाविद्यालय में जन भागीदारी समिति की प्रथम बैठक आहूत की गई। बैठक में जन भागीदारी समिति के सहयोग से चल रहे विभिन्न प्रकार के विषयों पर चर्चा की गई। महाविद्यालय में होने वाले खर्च संबंधित विवरण एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जन भागीदारी के माध्यम से टीचरों की नियुक्ति, लाइब्रेरी प्रयोगशाला छात्रों के हित में विभिन्न प्रकार के विषयों पर विचार विमर्श किया गया। कॉलेज कैंपस में साइकिल स्टैंड, कैंटीन और जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े हुए हैं उनके पुनरुत्थान के लिए एवं कई आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई। महाविद्यालय में बने हुए अतिरिक्त कक्ष सहित महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। जन भागीदारी के अध्यक्ष सहित सदस्य जनप्रतिनिधियों ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष गुलाब मोहन तिवारी, मुकेश तायल, आनंद शुक्ला, रजनीश सिह, राजेश गुप्ता, राम रतन गुप्ता, अशोक जायसवाल, अंकुर पटेल, भगवान सिंह, प्रदीप यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।

लाइफ Style

# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।



हॉलीवुड मसाला



# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।



# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मावर्ल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें


**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिल्टर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

टीवी मसाला



# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।



# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर :** साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती :** फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।



**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क :** अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।

**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन :** अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉड्र्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

## 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



## फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉड्र्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉड्र्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी :*** बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*

## फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकतीः सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

## धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।







**नई फिल्म यानी नया जोखिम :** अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

## सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहींः अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

## *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

## खबर संक्षेप

### भावेश जिला कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त



**मनेन्द्रगढ़।** कांग्रेस पार्टी की नीति, कार्यक्रम एवं जन सरोकार से जुड़े मुद्दों को डिजिटल माध्यम से प्रभावशाली रूप से आमजन तक पहुंचाने एवं पार्टी की ऑनलाइन उपस्थिति को और सशक्त बनाने के लिए भवेश जैन को जिला कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के विधायक प्रत्याशी रमेश सिंह, पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, प्रभा पटेल जिला, कांग्रेस प्रवक्ता सौरव मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शर्मा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। सभी ने भवेश जैन को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे पार्टी की सोच एवं दिशा को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में सोशल मीडिया एक प्रभावी माध्यम बन चुका है, ऐसे में संगठन को डिजिटल रूप से मजबूत करना समय की आवश्यकता है।

### चरचा नगर में मवेशियों का रोड पर डेरा

**चरचा कॉलरी।** बरसात का मौसम आते ही चरचा नगर पालिका क्षेत्र की सड़कों पर मवेशियों का डेरा जमना शुरू हो गया है। रोड में दिन-रात घूमते या बैठे रहने वाले मवेशी आम नागरिकों और वाहन चालकों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। रात के समय सड़क पर रोशनी की कमी के कारण कई बार वाहन इन मवेशियों से टकरा जाते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन हादसों में न सिर्फ मवेशियों की जान जा रही है, बल्कि कई वाहन चालक और राहगीर भी घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कई घायल मवेशी सड़क किनारे तड़पते पड़े रहते हैं, जिनकी देखरेख के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इसी गंभीर समस्या को देखते हुए वार्डवासियों ने कलेक्टर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नगर पालिका द्वारा न तो मवेशियों को सड़क से हटाने की कोई व्यवस्था की जा रही है और न ही उनके सुरक्षित ठहराव के लिए कोई गोशाला या अन्य विकल्प मुहैया कराया गया है। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर की सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और मवेशियों की भी जान बचाई जा सके।

### शिवम बने जनकपुर कॉलेज के सांसद प्रतिनिधि

**मनेन्द्रगढ़।** शिवम पयासी को शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं मिल रही है। पूर्व विधायक गुलाब कमरो, कांग्रेस नेता अंकुर प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह सहित कई अन्य वरिष्ठ कांग्रेसियों ने शिवम पयासी को बधाई दी।

## निधन

### मुन्नीलाल सोनी

**बैकुण्ठपुर।** शहर के छिंदडांड निवासी वरिष्ठ नागरिक मुन्नीलाल सोनी का 29 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 69 वर्ष के थे।



इनका अंतिम संस्कार छिंदडांड स्थित मुक्तिधाम में बुधवार को किया गया, जहां परिजन समेत शहर के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे। वे मिंकु सोनी और चिंटू सोनी के पिता थे।

## लटमा में सिंगल यूज प्लास्टिक हटाने की अनूठी पहल

# हर साप्ताहिक बाजार से हटेगा 20 किलो प्लास्टिक कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जनपद पंचायत सोनहत के ग्राम लटमा को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान की शुरुआत लटमा साप्ताहिक बाजार से हुई है, जहां हर सप्ताह भारी मात्रा में प्लास्टिक कचरा निकलता है।

ग्राम पंचायत लटमा ने यह जिम्मेदारी स्वयं उठाई है। स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और बिहान योजना के सहयोग से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। खास बात यह है कि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं भी इस मुहिम में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। बाजार में जाकर महिलाएं दुकानदारों और ग्राहकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों की जानकारी दे रही हैं और वैकल्पिक पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। ग्राम लटमा के साप्ताहिक बाजार में आसपास के लगभग 12 गांवों से लोग खरीदारी के लिए आते हैं।

यहां खाने-पीने के सामान से लेकर कपड़े और घरेलू सामग्री तक की बिक्री होती है। बाजार के बाद औसतन 20 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा होता है, जो पर्यावरण और पशु जीवन दोनों के लिए खतरा बनता जा रहा था। इस समस्या के समाधान के लिए अब हर सप्ताह नियमित रूप से प्लास्टिक के विकल्पों को अपनाने की अपील की जा रही है।




### गांधी जयंती तक आदर्श ग्राम बनाने का लक्ष्य

ग्राम पंचायत लटमा के सरपंच सीताराम सोनपाकर ने बताया कि हमें अपने गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाना है। महिलाओं के सहयोग से हर बाजार में दुकानदारों से आग्रह किया जा रहा है कि वे प्लास्टिक का प्रयोग न करें। हमारा लक्ष्य है कि गांधी जयंती (2 अक्टूबर) तक ग्राम पंचायत को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त बना लिया जाए और एक आदर्श प्रस्तुत किया जाए।

# बचपन पर भारी बस्ता: स्कूली बैग के बोझ से झुकते कंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

शहर के स्कूलों में पढ़ने वाले छोटे-छोटे मासूम बच्चे आज शिक्षा के मंदिरों की ओर बढ़ते कदमों के साथ एक और चुनौती से जूझ रहे हैं। भारी भरकम स्कूली बस्तों का बोझ। मात्र 20 से 30 किलो वजन वाले इन नन्हें बच्चों को रोजाना 6 से 10 किलो तक का बस्ता ढोना पड़ रहा है, जो न केवल उनके शारीरिक विकास को प्रभावित कर रहा है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक विकास पर भी गहरा असर डाल रहा है।

स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि स्कूलों में हर विषय के लिए अलग-अलग किताबें, नोटबुक, प्रोजेक्ट सामग्री और अन्य जरूरी सामान रोज ले जाना पड़ता है, इससे बच्चों की पीठ दर्द, गर्दन में अकड़न और थकावट जैसी परेशानियां आम होती जा रही हैं। शिशु रोग विशेषज्ञों के अनुसार अधिक वजन उठाने से बच्चों की रीढ़ की हड्डी पर दबाव पड़ता है, इससे उनके शरीर का संतुलन बिगड़ सकता है। बचपन में ही कमर झुकने और कंधे झुकने जैसी समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। साथ ही मानसिक तनाव और चिड़चिड़ापन जैसी स्थिति भी पनपने लगती है। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों का मानना है कि बस्ता रहित शिक्षा की दिशा में गंभीर प्रयास होना चाहिए। डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लास रूम और होमवर्क रहित नीतियां इस समस्या का हल हो सकती हैं। कुछ स्कूलों में लॉकर सिस्टम लागू किया गया है, जिससे बच्चों को रोज किताबें लाने-ले जाने की आवश्यकता नहीं होती।



### सरकार और प्रशासन की भूमिका जरूरी

एनसीईआरटी और शिक्षा मंत्रालय द्वारा बस्ते के वजन को लेकर गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें कक्षा 1 से 2 तक के बच्चों के लिए 1.5 किलो, कक्षा 3 से 5 तक के लिए 2 से 3 किलो और कक्षा 6 से 8 तक के लिए अधिकतम 4 किलो तक के बस्ते का प्रावधान है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट दिखाई देती है।




## युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए

**बैकुण्ठपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत कोरिया के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आईसेक्ट कॉलेज तलवापारा बैकुंठपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। जिला युवा अधिकारी सौरभ निषाद ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उपस्थित युवाओं को उद्देश्य और कार्यक्रम की महत्ता से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल उपस्थित हुए। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर स्वयं जागरूक बनने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने युवाओं को अपने करियर के प्रति ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। जिला परियोजना समन्वयक उज्ज्वल सिन्हा ने आयुष्मान भारत योजना की विस्तृत जानकारी दी और युवाओं को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया, इसके पश्चात, आईसेक्ट कॉलेज के प्रमुख नरेश सोनी ने शिक्षा एवं करियर संबंधी विषयों पर युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

■ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# युवाओं को मिल रही प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग सुविधा

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। एचीवर्स आईसीएस और मंत्रा ट्यूटोरियल के माध्यम से बैकुंठपुर और सोनहत में करीब 100 युवाओं को पीएससी, व्यापमं, बैंकिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जा रही है।

विगत दो वर्षों (2024 एवं 2025)में चयनित और विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण युवाओं ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर कलेक्टर ने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा में सफलता के लिए कठिन परिश्रम, लगन, धैर्य और जुनून जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोचिंग सेंटर में डाउट क्लियर करवाने के बाद घर पर स्व-अध्ययन और नोट्स बनाना अत्यंत आवश्यक है।

कलेक्टर ने कोचिंग में पढ़ा रहे शिक्षकों को निर्देशित किया कि ग्रुप डिस्कशन के साथ-साथ समसामयिक घटनाओं और विभिन्न विषयों पर गहन अध्ययन कर युवाओं को सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, इससे अभ्यर्थियों की तैयारी और अधिक प्रभावी होगी। कोचिंग प्रशिक्षक प्रशांत राजवाड़े, जय दास मानिकपुरी ने बताया कि वर्ष 2024 में 19 व वर्ष 2025 में 11 युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में सफल हुए हैं। सहायक प्राध्यापक, हॉस्टल वार्डन, पुलिस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बैंक व प्रीबीएड, प्रीडीएड में भी चयन हुए हैं। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति विकास विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती उषा लकड़ा, कोचिंग प्रशिक्षक प्रशांत राजवाड़े, जय दास मानिकपुरी सहित काफी संख्या में कोचिंग कर रहे युवा अभ्यर्थी उपस्थित रहे।



कलेक्टर से मुलाकात करते प्रतिभागी।

## बहादुर सैनिकों के सम्मान में महिला मोर्चा ने सौंपी राखियां



**बैकुण्ठपुर।** भाजपा महिला मोर्चा जिला कोरिया के तत्वाधान में विश्राम गृह बैकुंठपुर में ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अंतर्गत बहादुर सैनिकों के सम्मान और समर्थन में 2750 राखियां सौंपी गईं।

इस अभियान में भाजपा महिला मोर्चा, स्कूल शिक्षा विभाग एवं स्काउट-गाइडस के छात्राओं ने उत्साहपूर्वक राखियां एकत्रित कर पूर्व सैनिक महेन्द्र प्रताप राणा, दीपक कुमार, रामनिवास राठोर, कुमार सिंह को राखियां देकर देश के जवानों के नाम भेजी। राष्ट की रक्षा करने वालों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी जयनाथ वाजपेयी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनिता तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, मंडल महामंत्री मनोज साहू, सुरेश राजवाड़े, महिला मोर्चा जिला महामंत्री संगीता गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरीता यादव, रेनू सिंह, उर्मिला सिंह, सुश्री साक्षी सिंह राजपूत, प्रियंका सिंह, कविता यादव, सुश्री ममता कुशवाहा, गीता गिरी, बीके रेखा ब्रह्माकुमारी, श्रीमती सरून निशा, श्रीमती रितु गुप्ता, श्रीमती सविता मिश्रा, सविता सिंह सहित छात्राएं उपस्थित रहें।

## विद्यार्थियों को मिली कर्सिव राइटिंग की पुस्तिकाएं

**सोनहत।** क्षेत्र के विकास और शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने के लिए फिटनेस क्लब जिम सोनहत द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। क्लब के सदस्यों ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए स्कूल के छात्रों को कर्सिव राइटिंग पुस्तिकाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। यह आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सोनहत में संपन्न हुआ, जहां ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सोनहत, राजकुमार तिवारी, विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक और शैक्षणिक विकास भी अत्यंत आवश्यक है। जिम केवल शरीर को मजबूत करने का स्थान नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और सेवा की भावना को बढ़ावा देने वाला एक संगठन है।



## रामलला दर्शन के लिए जिले से 52 श्रद्धालु रवाना

**मनेन्द्रगढ़।** श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से चयनित 57 श्रद्धालुओं में से 52 श्रद्धालुओं का दल बुधवार की प्रातः कलेक्टर कार्यालय परिसर मनेन्द्रगढ़ से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ।

यह दल अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन द्वारा श्रीरामलला के दर्शन के लिए पावन अयोध्या भूमि की यात्रा करेगा। राज्य शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य प्रदेश के श्रद्धालुओं को निःशुल्क अयोध्या यात्रा का सौभाग्य प्रदान करना है। योजना के तहत श्रद्धालुओं को श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन के साथ ही आवास, भोजन, सुरक्षा और चिकित्सकीय सुविधा सहित पूर्ण यात्रा पैकेज उपलब्ध कराया जा रहा है।



## 6.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 6.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र वेंकटनगर में 1.3 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 8.4 अमरकंटक में 23 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 15.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी तथा जैतहरी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

# पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय रेड रिबन क्विज

**बैकुण्ठपुर।** राष्टीय सेवा योजना एवं छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता 2025 का जिला स्तरीय आयोजन शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य एवं जिला संगठक डॉ.एमसी हिमधर ने स्वागत उद्बोधन में इस आयोजन की आवश्यकता और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एड्स जैसी गंभीर बीमारी को लेकर विद्यार्थियों में जागरूकता लाना आज की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू मंडावी ने छात्रों को एचआईवी-एड्स के संक्रमण, रोकथाम, उपचार और सरकारी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी और नेशनल हेल्पलाइन नंबर 1097 के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली और पोषणयुक्त आहार अपनाने की सलाह भी दी। संगोष्ठी के दौरान डॉ. एसएन पांडेय संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं, यदि वे जागरूक होंगे तो समाज और राष्ट दोनों उन्नति करेंगे। वहीं कुल 50 प्रश्नों के आधार पर तीन विजेता टीमें घोषित की गई, इनमें प्रथम स्थान- आकृति जायसवाल एवं मोहम्मद जरयाब कामील डीएवी पब्लिक स्कूल, पाण्डवपारा, द्वितीय स्थान श्रद्धा घोष एवं शालू देवी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बैकुंठपुर, तृतीय स्थान ऋषभ सिंह एवं भूपेन्द्र रवि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बुढ़ार रहे। उक्त विजेताओं को क्रमशः 2000, 1500 एवं 1000 की नगद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुलदीप ओझा भूगोल विभाग ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रो. अनुरंजन कुजूर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. आरएन कच्छप व अन्य शामिल रहे।






## पृष्ठ 1 का शेष

### खुले बाक्स की...

विचरण करते हुए पहुंचा और विद्युत मीटर के डब्बे के पास पहुंच और झुल रहे करंट के चपेट में आ गई, इससे मौके पर ही गौवंश ने दम तोड़ दिया। सूचना पर गौरक्षा वाहिनी के पदाधिकारी पहुंचे और मृत गौवंश को उठवाकर अंतिम संस्कार कराया। जानकारी के अनुसार बिजली मीटर के खुले बाक्स से झुलते विद्युत तार से किसी संभावित दुर्घटना को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा विद्युत विभाग को इसकी सूचना पहले कई बार दी जा चुकी थी,लेकिन विद्युत विभाग ने इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। लापरवाही के कारण ही उक्त स्थल पर बे जुबान गौवंश की असमय मौत हो गई। कई जगहों पर खुले हैं मौत के ढक्कन-शहर के कई जगहों पर विद्युत के फ्यूज बॉक्स लगे हुए हैं, इनमें से कई के ढक्कन खुले हुए हैं। कम ऊंचाई पर लगे बिजली के फ्यूज बॉक्स बच्चों एवं जानवरों के लिए संभावित खतरा बने हुए हैं, जहां बॉक्स में ढक्कन भी लगा है ,जिन जगहों पर कम ऊंचाई पर फ्यूज बॉक्स लगे हुए हैं, उनमें ढक्कन लगाई जाए और जिनमं ढक्कन लगे हुए हैं, उसे ढंक कर ही रखा जाए, जिससे कि किसी संभावित खतरा की आशंका न बनी रहे।

### छिंदिया को मिले...

कुछ मांगे शासन स्तर से स्वीकृति मिलने के पश्चात पूरी की जाएंगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। सुशासन तिहार के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीईओ, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्कूल परिसर में आम का पौधा रोपित किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से अपील की कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल को भी अपनी जिम्मेदारी समझें। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई और प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी साझा की गई। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से परिचय भी कराया और इससे लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किए गए। शिविर में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सदस्य श्रीमती संगीता सोनवानी, सरपंच श्रीमती हेमलता सिंह सहित काफी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ग्रीन डे मनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**अनूपपुर।** बिजुरी वार्ड नंबर 6 में स्थित सेंट जोसफ स्कूल में ग्रीन डे मनाया गया। बच्चे पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए हरे रंग के परिधान डालकर पहुंचे। स्कूली बच्चों ने भाषण, गीत, कविता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने कार्यक्रम में प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का बच्चों द्वारा रोली बंदन लगाकर पुष्पवर्षा करते हुए विद्यालय के बच्चों द्वारा बैंड बाजे के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को विद्यालय परिवार द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। ग्रीन डे का आयोजन हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को हरे रंग के गुब्बारों, पेड़-पौधों और हरित सजावट से सुंदर ढंग से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण प्रकृति की सुंदरता से भर उठा। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पेड़, पौधे, फूल, हरी सब्जियां और फलों की वेशभूषा पहनकर रैंप वॉक करके अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना जायसवाल, विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष सहबिन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा, वार्ड 6 की पार्षद नमिता कोल, एसईसीएल सेफ्टी बोर्ड मेम्बर आंनद मिश्रा, एडवोकेट राम प्रकाश शुक्ला,राजू यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र रिंकू शर्मा, कैलाश कोल, दीपक शर्मा, मुकेश जैन, सहित काफी संख्या में अभिवावकगण उपस्थित रहे।

